# बैठक का कार्यवृत्त

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 20.07.2022 को अपरान्ह 05.00 बजे ककोर मुख्यालय, औरैया में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित सदस्यों/अधिकारी/कर्मचारियों की सूची संलग्न है। बैठक में निम्न बिंदुओं पर समीक्षा की गयीं।

1-- जल जीवन मिशन (फेज–2) अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, औरैया द्वारा अवगत कराया गया, कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से नामित फर्म मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप प्रा0लि0 को 150 नग राजस्व ग्रामों के प्राक्कलन का विरचन कार्य किया जाना था, जिस हेतु फर्म को सभी राजस्व ग्रामों में भूमि प्राप्त हो जाने पर 97 नग (सम्मिलित 150 नग राजस्व ग्राम) के प्राक्कलन विरचन का कार्य किया जा चुका है। जिनमें से 93 नग (सम्मिलित 146 नग राजस्व ग्राम) प्राक्कलन की स्वीकृति राज्य स्तरीय प्राक्कलन स्वीकृत समिति से प्राप्त हो चुकी है। फर्म द्वारा 93 नग स्वीकृत योजनाओं के सापेक्ष मात्र 62 नग त्रिपक्षीय अनुबंध गठित कराये गये हैं। फर्म को आगामी 06 माह (दि0 25.09.2022) तक 47 नग (सम्मिलित 50 नग राजस्व ग्राम) पाइप पेयजल योजनाओं के कार्य पूर्ण कर 23920 नग क्रियाशील घरेलू गृह संयोजन का कार्य पूर्ण किया जाना लक्षित है। जिसके सापेक्ष मात्र 36 नग योजनाओं पर बोरिंग का कार्य पूर्ण कर, 12 नग पेयजल योजनाओं पर वितरण प्रणाली बिछाये जाने का कार्य किया जा रहा है। 04 नग पेयजल योजनाओं पर पम्प लोआरिंग का कार्य 02 नग अवर जलाशय के निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

निर्देशः– फर्म को निर्देशित किया गया, कि स्वीकृत समस्त योजनाओं के त्रिपक्षीय अनुबंध के गठन की कार्यवाही 02 दिन के अन्दर पूर्ण कर समस्त योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें तथा 06 माह के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु कार्य योजना तैयार कर अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायें। साथ ही अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया जाता है, कि फर्म की धीमी प्रगति के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी की ओर से प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को पत्र प्रेषित करायें।

2-- जल जीवन मिशन (फेज–3) अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, औरैया द्वारा अवगत कराया गया, कि जनपद के शेष 575 नग राजस्व ग्रामों के प्राक्कलन विरचन एवं निर्माण कार्यों हेतु मै0 जी.वी.पी.आर. इंजीनियर्स लि0, हैदराबाद, तेलंगाना को अनुबंधित किया गया है। जिस हेतु फर्म को 575 नग राजस्व ग्रामों की सूची दिनांक 27.04.2022 को सम्पन्न जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में अनुमोदनोपरान्त उपलब्ध करा दी गयी है। वर्तमान तक फर्म को 230 नग

Scanned with OKEN Scanner

ग्राम पंचायत (सम्मिलित 357 नग राजस्व ग्राम) में जलकल प्रांगण हेतु भूमि प्राप्त हो चुकी है। जिसके सापेक्ष 57 नग प्राक्कलन (सम्मिलित 126 नग राजस्व ग्राम) के प्राक्कलन उपलब्ध कराये गये हैं, जिसमे से 53 नग प्राक्कलन (सम्मिलित 113 नग राजस्व ग्राम) की जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति से स्वीकृतोपरान्त राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित किया जाना है।

निर्देशः-- फेज-3 हेतु अनुबंधित फर्म को निर्देशित किया गया, कि आपको 230 नग ग्राम पंचायतों में भूमि प्राप्त हो चुकी है, परन्तु आप द्वारा मात्र 57 नग प्राक्कलन प्रेषित किये गये हैं। अतः अवशेष समस्त प्राक्कलन 15 दिन के अन्दर प्रेषित करायें। साथ ही अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया, कि जिन ग्राम पंचायतों में भूमि मिलना शेष है, उनके लिये प्रयास करें तथा उक्त के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी की ओर से समस्त उपजिलाधिकारी जनपद औरैया को पत्र प्रेषित करायें।

3- आई.एस.ए. संस्थाओं के कार्य प्रगतिः- अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, औरैया द्वारा अवगत कराया गया, कि जनपद में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन से कैटेगरी 'ए' श्रेणी की दो संस्थाओं को नामित किया गया है। ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान तथा कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्धन संस्थान, जिन्हें कमशः 04 कलस्टर के माध्यम से 164 नग राजस्व ग्राम एवं 03 कलस्टर के माध्यम से 117 राजस्व ग्राम आवंटित किये गये हैं। ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान द्वारा प्रथम चरण का कार्य पूर्ण है एवं द्वितीय चरण का कार्य अनारम्भ है। कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्धन संस्थान द्वारा प्रथम चरण का कार्य पूर्ण है एवं द्वितीय चरण का कार्य प्रगति पर है। दोनों संस्थाओं को बड़ी सामुदायिक बैठकों के माध्यम से ग्रामों की न्यूनतम 80 प्रतिशत परिवारों से पाइप पेयजल योजनाओं हेतु टेप कनेक्शन लेने की अनुमति उपरान्त आधार कार्ड की प्रतिलिपि नामित फर्म मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप क0लि0 को उपलब्ध कराने में सहयोग प्रदान करें।

निर्देशः-- दोनों संस्थाओं को निर्देशित किया गया, कि जिन पाइप पेयजल योजनाओं में मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप क0लि0 का कार्य प्रारम्भ हो चुका है, उन राजस्व ग्रामों के परिवारों से आधार कार्ड की प्रतिलिपि प्राप्त करने में सहायता करें तथा चल रही गतिविधियों का माइकोप्लान उपलब्ध करायें। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया, कि जब तक इनके द्वारा विस्तृत माइको प्लान तैयार कराते हुये गतिविधियों का संचालन नहीं किया जाता है, तब तक इनके देयकों के भुगतान की संस्तुति न की जाये।

4- जल जांच हेतु FTK प्रशिक्षण एवं महिलाओं का पंजीकरण एवं तकनीकी कार्मिकों का प्रशिक्षणः-- अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति औरैया द्वारा अवगत कराया गया, कि जनपद में एफटीके के माध्यम से महिलाओं को पेयजल जांच एवं PWS हेतु कुशल (Skilled) मानक शक्ति प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षित कराने के लिये राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन से संस्था मनोरमा महिला मण्डल, नई दिल्ली नामित की गयी है। वर्तमान तक 477 नग ग्राम

Scanned with OKEN Scanner

पंचायतों के सापेक्ष 345 नग ग्राम पंचायतों में 1948 महिलाओं को प्रशिक्षित कर 345 नग एफटीके वितरण पूर्ण कर लिया गया है। शेष 132 ग्राम पंचायतों में 31 जुलाई 2022 तक FTK वितरण कर 30 सितम्बर 2022 तक जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों में पेयजल जांच पूर्ण कर आंकड़ों को WQMIS Portal पर अपलोड किया जाना है। तकनीकी कारीगरों के प्रशिक्षण हेतु 181 ग्राम पंचायतों से इम्पलीमेन्टेशन सपोर्ट एजेंसी के माध्यम से तकनीकी कारीगरों को चयनित कर लिया गया है एवं माह अगस्त 2022 से इन चयनित तकनीकी कारीगरों को 02 दिवसीय प्रशिक्षण कराया जाना प्रस्तावित है।

निर्देशः– FTK प्रशिक्षण एवं तकनीकी कार्मिकों के प्रशिक्षण तथा टूल किट वितरण हेतु नामित संस्था को निर्देशित किया गया, कि FTK किट का वितरण एवं महिलाओं के प्रशिक्षण का कार्य जुलाई माह के अन्त तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिससे किट के माध्यम से समस्त जल नमूनों की जांच माह सितम्बर 2022 तक पूर्ण की जा सके। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया, कि नामित संस्था द्वारा FTK वितरण एवं प्रशिक्षण इस माह के अन्त तक पूर्ण नहीं किया जाता है, तो संस्था का अनुबंध निरस्त करने हेतु अद्योहस्ताक्षरी की ओर से अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को पत्र प्रेषित करायें।

5– डी0पी0एम0यू0:– अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, औरैया द्वारा अवगत कराया गया, कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माण कार्यों एवं आई0एस0ए0, आई0ई0सी0 एवं तकनीकी कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु नामित संस्था मनोरमा महिला मण्डल के कार्यों के अनुश्रवण एवं अपेक्षित विभागीय सहयोग हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से मै0 मेधज टैक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0, लखनऊ को नामित किया गया है।

निर्देशः– डी0पी0एम0यू0 संस्था को निर्देशित किया गया, कि जिन पाइप पेयजल योजनाओं में मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप क0लि0 का कार्य प्रारम्भ हो चुका है, उन राजस्व ग्रामों से आधार कार्ड की प्रतिलिपि प्राप्त करने हेतु दोनों आईएसए संस्थाओं का अनुश्रवण एवं सहयोग करते हुये IMIS Portal पर नियमित रूप से FHTC फीडिंग करायें। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया जाता है, कि यदि डी0पी0एम0यू0 संस्था द्वारा इन कार्यों में शिथिलता बरती जाये, तो इनके मानदेय के भुगतान की संस्तुति न की जाये।

6– थर्ड पार्टी इंस्पेक्शनः– अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, औरैया द्वारा अवगत कराया गया, कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यों के थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन (TPI) के रूप में कार्यो की निगरानी/गुणवत्ता, देयक के भुगतान की संस्तुति इत्यादि हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से मै0 बी.एल.जी. कं0 सर्विसेज प्रा0लि0 को नामित किया गया है।



Scanned with OKEN Scanner

निर्देशः— टीपीआई संस्था मै0 बी.एल.जी. कं0 सर्विसेज प्रा0लि0 को निर्देशित किया गया है कि फेज-2 व फेज-3 में अनुबंधित फर्मों द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं उनकी मापों की नियमित रूप से जांच करें, जिससे कार्यों का सम्पादन गुणवत्तापूर्वक हो सके।

सधन्यवाद मीटिंग समाप्त हुई।

27/7/22

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
औरैया

पत्रांक 662 / W-35 / 4 दिनांकः 27-7-22

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, औरैया को सूचनार्थ प्रेषित।
2. जिला विकास अधिकारी, औरैया।
3. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, औरैया।
4. प्रभागीय वनाधिकारी, औरैया।
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, औरैया।
6. अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग, औरैया।
7. अधिशासी अभियन्ता वि0/यां0 खण्ड उ0प्र0 जल निगम, इटावा।
8. जिला पंचायत राज अधिकारी, औरैया।
9. द इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी (लि0) हाउस नं0 6–3–323, रामनगर, अनन्तपुरम, आ.प्रदेश।
10. मै0 जी.वी.पी.आर. इंजीनियर्स लि0, हैदराबाद–500033 तेलंगाना
11. जिला समन्वयक, मेर्धज टैक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0, औरैया।
12. जिला परियोजना प्रबन्धक, बी.एल.जी. कं0 सर्विसेज प्रा0लि0, औरैया।
13. जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत चयनित इम्पलीमेन्टेशन सपोर्ट एजेंसी (आई.एस.ए.) कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्धन संस्थान तथा ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान।

27.07.22

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
औरैया

O/C



Scanned with OKEN Scanner